# दिनांक 15.12.2022 को जिलाधिकारी महराजगंज की अध्यक्षता में सम्पन्न जल जीवन मिशन–हर घर जल की समीक्षा बैठक (समस्त घटक) का कार्यवृत्तः–

दिनांक 15.12.2022 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–II व III) के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), जिला विकास अधिकारी, जिला जनसूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), सहायक अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), प्रोजेक्ट मैनेजर जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.) महराजगंज, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.) महराजगंज, इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA), टीम लीडर TPIA, आदि उपस्थित रहे।

बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नवत है–

## (1) खण्ड कार्यालय, जल निगम से सम्बन्धित कार्यः–

### A.रेट्रोफिटिंग

| Sr No. | Date Of Meeting | District | Phase | Schemes | | FHTC | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Achieved | |
| 1 | 05.12.2022 | महराजगंज | रेट्रोफिटिंग | 31 | 31 | 23285 | 23285 | – |
| 2 | 15.12.2022 | महराजगंज | रेट्रोफिटिंग | 31 | 31 | 23315 | 23315 | – |

### B.जल जीवन मिशन, निर्माणाधीन परियोजना :–


| क्र0सं0 | बैठक का दिनांक | 01.04.2022 को अधूरी परियोजनाओं की संख्या | वर्ष 2022–23 में स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | कुल योग (3+4) | योजना में सम्मिलित बस्तियों की संख्या | वर्ष में पूर्ण की जाने वाली योजनाओं की संख्या | कुल योजनाओं में से अनु0 जाति/जनजाति सम्बन्धी | भौतिक प्रगति | | | | | | | पूर्ण 14 में से अनु0 जाति/जनजाति सम्बन्धी | लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति प्रतिशत में (13/7) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अनारम्भ | 50% तक | 51-74% तक | 75-99% तक | पूर्ण | विद्युत कनेक्शन सहित पूर्ण | संचालन प्रारम्भ | | |
| 1 | 05.12.2022 | 34 | 0 | 34 | 179 | 25 | 0 | 0 | 1 | 6 | 5 | 22 | 10 | 10 | 0 | 88% |
| 2 | 15.12.2022 | 34 | 0 | 34 | 179 | 25 | 0 | 0 | 1 | 6 | 5 | 22 | 12 | 11 | 0 | 88% |

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 05.12.2022 की समीक्षा बैठक में दिनांक 01.04.2022 को कुल 34 परियोजनाओं में 25 परियोजनाओं को वर्ष में पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। लक्ष्य के सापेक्ष 22 परियोजना पूर्ण कर ली गयी है जिसमें 10 योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन करते हुए परियोजना पर संचालन पूर्ण करा दिया गया है। दिनांक 15.12.2022 की बैठक में 22 परियोजनाओं के सापेक्ष 2 परियोजनाओं पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए 1 का संचालन प्रारम्भ कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) गोरखपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 22 परियोजनाओं के सापेक्ष शेष 11 परियोजनाओं पर विद्युत संचालन का कार्य फर्म के द्वारा ही किया जाना है जिसके सापेक्ष 8 परियोजनाओं पर सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा शुल्क जमा करते हुए 8 जगहों पर पोल एवं अन्य विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है एवं 2 परियोजनाओं पर विद्युत संचालन हेतु कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि विद्युत संचालन के विषय में सम्बन्धित परियोजनाओं के संचालन में विस्तृत आख्या उपलब्ध करायी जाये व 25 परियोजना को प्रत्येक दशा में आगामी वित्तीय वर्ष के 5 जनवरी, 2023 तक अथक प्रयास करते हुए विद्युत संचालन सहित परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाये। विलम्ब होने की दशा में अनुबन्ध में दिये गये प्राविधान के अनुसार परियोजनाओं पर जुर्माना लगाया जाये। अवगत कराया गया कि 5 परियोजनाएं जो 75 प्रतिशत तक पूर्ण कर ली गयी है जिसमें लक्ष्मीपुर देउरवा, लक्ष्मीपुर, रामपुर बल्डीहा, उदितपुर, मैनहवां सम्मिलत है। आगामी 10 दिनों में लक्ष्मीपुर देउरवा परियोजना पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। निर्देशित किया गया कि प्रत्येक परियोजना को अविलम्ब ही पूर्ण कराया जाये। 34 परियोजनाओं के FHTC

Scanned with OKEN Scanner

कनेक्शन के विषय में अवगत कराया गया कि हर घर नल योजना के अन्तर्गत कुल 32634 कनेक्शन दिये जाने थे जिसमें 27805 कनेक्शन दिये गये है एवं 4829 कनेक्शन दिये जाने शेष हैं। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में रोस्टर के अनुसार ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करते हुए अवशेष ग्राम पंचायतों में आधार कलेक्शन कराते हुए समस्त FHTC कनेक्शन दिये जाये एवं परियोजनाओं को जनवरी, 2023 तक पूर्ण किये जाने का अथक प्रयास किया जाये। FHTC कनेक्शन के फीडिंग के विषय में आगामी बैठक में आख्या प्रस्तुत की जाये। 34 जल जीवन मिशन की परियोजना, 31 रेट्रो फिटिंग की परियोजनाओं एवं 155 अन्य परियोजनाओं पर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर योजना के बारे में अवगत कराया जाये एवं समस्त डी0पी0आर0 पर प्रधान से हस्ताक्षर एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण की जाये। आगामी बैठक में प्रत्येक परियोजनाओं का Pert Chart के अनुसार रिर्पोट प्रस्तुत की जाए एवं परियोजनाओं के प्रत्येक चरणों पर विलम्ब किये जाने वाले सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आख्या प्रस्तुत की जाये।

**(कार्यवाहीः—अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)**



<u>(2) मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट से सम्बन्धित कार्य (JJM फेज–2):–</u>

| S. N. | Dateof Meeting | Phase | Agency | Land | | DPR Status Villages (No. Of Scheme) | | | | Tri Party Agreement (No. Of Scheme) | Cover Agreement (No. Of Scheme) | Work Started | FHTC | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Submitted | DWSM | SLSSC | | | | Target | Achieved | % |
| 1 | 05.12.2022 | Phase-2 | JMC Projects | 446 | 446 (2 Nos Dispute) | 446 (342) | 442 (338) | 434 (331) | 347 (273) | 347 (273) | 249 | 182 | 432772 | 89518 | 20.69% |
| | 05.12.2022 | Phase-2 | JMC Projects | 446 | 446 (1 Nos Dispute) | 446 (341) | 445 (340) | 434 (331) | 347 (273) | 347 (273) | 249 | 182 | 123006 | 29967 | 24.36% |

अवगत कराया गया कि 446 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 341 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 बनाये जाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 445 राजस्व ग्राम की 340 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये है। वर्तमान तक DWSM के द्वारा 434 राजस्व ग्रामों की 331 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 तकनीकी स्वीकृति उपरान्त शासन को प्रेषित किये गये है। SLSSC द्वारा 347 राजस्व ग्रामों के 273 परियोजनाओं पर स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। भूमि विवाद के विषय में निर्देशित किया गया कि अविलम्ब ही निस्तारित करते हुए अवशेष ग्राम पंचायत का डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया जाये एवं समस्त डी0पी0आर0 का परीक्षण कर मुख्य अभियन्ता से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुये DWSM कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। कवर एग्रीमेन्ट के विषय में निर्देशित किया गया कि प्रमुख सचिव को अर्द्धशासकीय पत्र प्रेषित किया जाये। अवगत कराया गया कि 74 परियोजनाओं के प्रथम कवर एग्रीमेन्ट के अनुसार कार्य पूर्ण कराये जाने की तिथि 10 दिसम्बर, 2022 थी जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 8 परियोजनाओं पर ही कार्य प्रगति पर है।



Scanned with OKEN Scanner

66 परियोजनाओं के विलम्ब होने की दशा में अनुबन्ध में दिये गये प्राविधान के अनुसार प्रत्येक परियोजना पर जुर्माना लगाया जाये एवं उक्त के विषय में प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित किया जाये जिसकी प्रतिलिपि एम0डी0 जल निगम एवं ED SWSM जल जीवन मिशन को प्रेषित की जाये। अवगत कराया गया कि द्वितीय कवर एग्रीमेन्ट के अनुसार कार्य पूर्ण कराये जाने की तिथि 9 फरवरी, 2023 है, जिसमें 81 परियोजनाओं को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस प्रकार प्रथम अनुबन्ध के 74 एवं 81 परियोजनाओं को मिलाकर 155 परियोजनाओं को माह–फरवरी, 2023 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। निर्देशित किया गया कि अनुबन्ध के अनुसार निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण प्रयास के साथ परियोजनाओं को पूर्ण किया जाये एवं 7 सितम्बर, 2022 को किये गये अनुबन्ध के अनुसार 34 परियोजनाओं पर निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्य किया जाना सुनिश्चित कराये जिससे निर्धारित समय सीमा अवधि के अन्तर्गत समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा सके।

<u>कवर एग्रीमेन्ट के सापेक्ष लक्ष्य/उपलब्धि(249पे0यो0)</u>

नलकूप कार्य–

| क0 सं0 | अवयवों का नाम | लक्ष्य | उपलब्धि 05.12.2022 | उपलब्धि 15.12.2022 | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप निर्माण | 249 | 102 | 110 | 08 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। |
| 2 | नलकूप निर्माण | 249 | 54 | 54 | |
| 3 | पम्प अधिष्ठापन | 249 | 42 | 44 | |
| 4 | सोलन अधिष्ठापन | 171 | 0 | 0 | 22 नग सोलर पैनल स्टोर में उपलब्ध, 4 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। |
| 5 | विद्युत संयोजन | 78 | 0 | 0 | |

सिविल निर्माण कार्य–

| क0 सं0 | अवयवों का नाम | लक्ष्य | उपलब्धि 05.12.2022 | उपलब्धि 15.12.2022 | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाइप लाइन | 1477 कि0मी0 | 711 किमी0 | 752 किमी0 | 41 किमी0 |
| 2 | गृह संयोजन | 96016 नग | 28817 नग | 29967नग | 1150 नग |
| 3 | शिरोपरि जलाशय | 249 | 0 | 0 | 22 शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर |
| 4 | पम्प हाउस निर्माण | 249 | 4(80%) | 4(80%) 8(75%) | 23 पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्रगति पर |
| 5 | बाउण्ड्रीवाल | 249 | 17(80%) | 17(80%) | उक्त के अतिरिक्त 1 नग बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रगति पर |

हर घर नल योजना के अन्तर्गत अवगत कराया गया कि 35 परियोजनाओं पर FHTC कनेक्शन दिये गये है एवं अवशेष परियोजनाओं पर FHTC कनेक्शन हेतु ग्राम पंचायतों में फीडिंग की जा रही है। सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक परियोजनाओं पर FHTC कनेक्शन का फीडिंग का परीक्षण कर अवगत कराये एवं 7 सितम्बर, 2022 में किये गये अनुबन्ध के अनुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में की गयी फीडिंग को निरस्त करायें। प्रथम अनुबन्ध दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 में कुल 40000 FHTC कनेक्शन दिये गये है। FHTC हेतु कुल 123006 कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य वित्तीय वर्ष में निर्धारित है। निर्देशित किया गया कि समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक कर आधार कलेक्शन करने के उपरान्त अवशेष FHTC कनेक्शन हेतु ग्राम पंचायतों की फीडिंग करायी जाये एवं 09 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण होने वाली परियोजनाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाय। परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0) द्वारा भुगतान के विषय में अवगत कराया गया कि माह–अक्टूबर, में कराये

Scanned with OKEN Scanner

गये कार्यों का लगभग 16 करोड़ एवं माह नवम्बर में कराये गये कार्यों के अनुसार लगभग 15 करोड़ का भुगतान लम्बित है जिससे परियोजनाओं के पूर्ण किये जाने में विलम्ब हो रहा है। निर्देशित किया गया कि लम्बित भुगतान के विषय में प्रस्तुत किये गये बिलों की स्थिति व भुगतान किये गये बिलों को तालिका के अनुसार वस्तु स्थिति बनाकर रिर्पोट प्रस्तुत की जाय।

**(कार्यवाही:–परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0)/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)**

## (3) मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.) (JJM फेज–3):–

| Sr No. | Date of Meeting | Phase | Agency | Land | | DPR Status Villages (No. Of Scheme) | | | | Tri Party Agreement (No. Of Scheme) | Cover Agreement (No. Of Scheme) | Work Started |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Submitted | DWSM | SLSSC | | | |
| 1 | 05.12.2022 | Phase-3 | Ritivik_Koya (JV) | 651 | 651 | 651 R.V | 546 (322) | 442 (253) | 137 (81) | 137 (81) | 74 | 5 |
| 2 | 15.12.2022 | Phase-3 | Ritivik_Koya (JV) | 651 | 651 | 651 R.V | 571 (340) | 442 (253) | 302 (174) | 262 (154) | 137 | 8 |

अवगत कराया गया कि 651 राजस्व ग्रामों में जल जीवन फेज–3 का कार्य फर्म द्वारा किया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 571 ग्राम पंचायतों के 340 डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये है एवं DWSM के द्वारा 442 राजस्व ग्रामों की 253 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 बनाये गये है। SLSSC द्वारा 302 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 174 डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान की गयी है। भूमि विवाद के विषय में निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अभियन्ता नियमित रूप से अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) से वार्ता कर एवं समन्वय स्थापित करते हुए सम्बन्धित विवादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें। डी0पी0आर0 के विषय में निर्देशित किया गया कि 6400 लागत के समस्त डी0पी0आर0 को परीक्षण कर अप्रूवल दिया जाये। ट्राई पार्टी अनुबन्ध के विषय में निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों से बैठक कराकर योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाये एवं बैठक में ही समस्त अनुबन्धों एवं डी0पी0आर0 पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर कराकर उनको एक प्रति उपलब्ध करायी जाये। जल जीवन फेज–3 के प्रथम कवर एग्रीमेन्ट 30.10.2022 को किया गया जिसमें 18 परियोजनाएं सम्मिलित है एवं 23, 13, 20 परियोजनाओं का द्वितीय कवर एग्रीमेन्ट 24.11.2022 को किया गया। इस प्रकार 74 परियोजनाओं के सापेक्ष 8 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि Pert Chart के अनुसार प्रत्येक परियोजनाओं का नियमित अनुश्रवण करते हुए समय सारणी के अनुसार कार्य किया जाये। डी0पी0एम0यू0 के अभियन्ता, को निर्देशित किया गया कि समस्त परियोजनाओं का Standard Pert Chart बनाया जाये, परियोजनाओं पर विलम्ब किये जाने वाले सम्बन्धित का उल्लेख किया जाये एवं Mile Stone के अनुसार प्रत्येक परियोजना की फ्लैगिंग की जाये।

**(कार्यवाही:– मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), महराजगंज/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण))**

**(4) मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 TPIA**:– परियोजना के टीम लीडर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में 3524 स्तरों पर आपत्ति प्रस्तुत की गयी जिसमें क्वालिटी के 2088, सेफ्टी के 1290 अन्य के 146, क्रिटिकल के 75, मेजर के 3444 एवं माइनर के 5 स्तर सम्मिलित है। जी0एम0सी0 परियोजना के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि बिल प्रस्तुत के समय निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण बिलों का भुगतान नहीं किया जा सका है। निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के द्वारा माह–अक्टूबर में प्रस्तुत किये गये 16 करोड़ के देयकों का विश्लेषण **TPIA** टीम लीडर, पी0एम0 जे0जे0एम0, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं जिला विकास अधिकारी परीक्षण कर अवगत कराये। परियोजनाओं में परिलक्षित कमियों के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय।

**(कार्यवाही:– परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0)/मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, महराजगंज/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/जिला विकास अधिकारी)**

Scanned with OKEN Scanner

(5) इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA):– अवगत कराया गया कि वि0ख0 नौतनवां के अन्तर्गत ग्राम सभा सेमरहना में 175 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष हर घर नल योजना के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पेयजल समिति में धनराशि जमा करा दी गयी है एवं अन्य ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य कराकर निर्धारित शुल्क जमा कराया जा रहा है। ग्राम पंचायतों के द्वारा शुल्क नहीं जमा कराये जाने के विषय में सम्बन्धित ग्राम पंचायत के ग्रा0वि0/ग्रा0पं0अधि0 के साथ बैठक कराकर निर्धारित शुल्क जमा कराया जाये। DPMU के अभियन्ता को Pert Chart के अनुसार समस्त परियोजनाओं की PPT बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही:– इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी /अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/ DPMU)

17/12/22

(सत्येन्द्र कुमार)
आई0ए0एस0
जिलाधिकारी
महराजगंज।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महराजगंज

पत्रांक: 1450/ कार्य-1145/ 1323/दिनांक: 19-दिसम्बर, 2022

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
2. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), महराजगंज।
3. जिला विकास अधिकारी, महराजगंज।
4. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, महराजगंज।
5. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महराजगंज।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स मे0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.), महराजगंज।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), महराजगंज।
10. मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, महराजगंज।
11. डिस्टिक क्वार्डिनेटर (DPMU) महराजगंज।

जिलाधिकारी
महराजगंज।

Scanned with OKEN Scanner